Published Date:	25 Aug 2018	Publication:	Dainik Bhaskar (Hindi)
Edition:	Indore	Page No:	18
MAV/CCM:	45192/18.83	Circulation:	192630

20 साल में बना था असीमो ह्यूमनॉइड रोबो जिसके साथ ओबामा फुटबॉल खेले थे

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी में हुई टीसीएस आईटी क्विज, शहर व आसपास से 1000 स्टूडेंट्स ने लिया हिस्सा

सिटी रिपोर्टर | इंदौर

आईटी स्किल्स की अहमियत का बच्चों को प्रैक्टिकल आइडिया मिले इस मकसद से कराई गई थी ये क्विज। साथ ही यह भी उद्देश्य था कि बच्चे लॉजिकली सोचने की आदत डालें। इसमें बच्चों को चार विजुअल्स दिखाए जाते हैं। और फिर उन्हें बताना होता है कि चारों मिलकर किसकी तरफ इशारा कर रहे हैं।

मसलन, हम वॉलमार्ट कंपनी के सवाल में हम उसके सीईओ की तस्वीर, टीवी पर दिखाई जाने वाले विज्ञापन का स्क्रीनशॉट और उसका लोगो आदि दिखाएंगे। फिर प्रतिभागियों को जवाब देना है कि इस प्रश्न का जवाब क्या है।

1. उस ह्यूमनॉइड रोबो का नाम बताइए जो हॉन्डा कंपनी ने बनाया था। ओबामा के साथ खेला था ये रोबो ?

जवाब : एएसआईएमओ (एडवांस्ड स्टेप इन इनोवेटिव मोबिलिटी) एक ह्यूमनॉइड रोबो है जिसे हॉन्डा कंपनी ने वर्ष 2000 में बनाया था। फिलहाल ये रोबो जापान की राजधानी टोक्यो के म्यूजियम, मिरैकन में रखा गया है। कंपनी ने जुलाई 2018 में इसका प्रोडक्शन बंद कर दिया।

2. नॉक नॉक कौन से वीडियो चैट एप का फीचर है ?

जवाब : गूगल ड्युओ द्वारा नॉकनॉक फीचर पहली बार इंट्रोड्यूस किया गया था। जब आप ड्युओ से किसी को वीडियो कॉल करते हैं, तो फोन रिंग होते समय भी वे आपको देख सकते हैं।

3. कौन सी मैसेंजर एप स्क्विरल नमक एप से रिप्लेस कर दिया गया है ?

जवाब : 20 साल पहले लॉन्च किए गए याहू मैसेंजर एप्प को रिप्लेस कर स्क्विरल एप लाए हैं।

4. सवाल : डब्ल्यूई, कौन-सी कंपनी की इलेक्ट्रिक कार है ?

जवाब : डब्ल्यूई प्लेटफार्म के लिए फोक्सवैगन ने फर्स्ट इलेक्ट्रिक व्हीकल सर्विस शुरू की है। जिसे वे 2019 में जर्मनी में लॉन्च करेंगे और 2020 तक इसे यूरोप, नॉर्थ अमेरिका, और एशिया में भी लॉन्च करेंगे।

ये रहे विजेता : 225 पॉइंट स्कोर कर सागर पब्लिक स्कूल भोपाल के दिव्यांश कुलश्रेष्ठ और शिवम शुक्ल विजयी रहे। इन्हें इनाम के रूप में 60 हजार रुपए का गिफ्ट वाउचर दिया गया। सेंट पॉल स्कूल के संजय राजपूत और कार्तिक तिवारी ने 75 पॉइंट्स स्कोर कर दूसरा स्थान पाया। उन्हें 40 हजार रुपए का गिफ्ट वाउचर दिया गया।